Title: Regarding burning of a state transport bus by the naxalites in Durg district, the border area of Madhya Pradesh and Chhattisgarh.

श्री प्रहलाद सिंह पटेल (बालाघाट) : महोद्य, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश की सीमा पर नक्सल्वादियों ने दुर्ग में राज्य परिवहन की बस के यात्रियों को उतारकर जला दिया। महत्वपूर्ण बात यह है कि दोपहर साढ़े तीन बजे यह घटनी घटी और मध्य प्रदेश सरकार के गृह मंत्री और डीजीपी उस घटनास्थल से चार किलोमीटर दूर एक चौकी पर इंस्पैक्शन कर रहे थे। मेरा निवेदन है कि एक तरफ रात 12 बजे तक दोनों राज्य त्य नहीं कर पाए कि यह घटना किसके राज्य में हुई है और उन घटनाओं का उल्लेख इस सदन में बार-बार हुआ है जिसमें एक बार मैं खुद सौ लाठियां चुका हूं छत्तीसगढ़ राज्य पुलिस की और अभी मध्य प्रदेश में सिवनी में हमारी जबलपुर की सांसद ने प्रिविलेज का मामला उठाया और मैंने भी उठाया। हमारे साथ सख्ती ऐसे होती है कि जैसे दुनिया में सबसे ताकत्वर यह पुलिस है, लेकिन जहां पर ऐसी घटनाएं निरंतर हो रही हैं, वहां पर पी.ड्ब्लू.जी. पर कोई प्रतिबंध नहीं है, न छत्तीसगढ़ में है, न मध्य प्रदेश में है। बार-बार सुरक्षा का स्वाल उठता है, उनसे निपटने का स्वाल उठता है मगर यह घटना इसलिए महत्वपूर्ण है कि प्रदेश के गृह मंत्री और डीजीपी मौजूद रहें और नक्सल्वादी लोगों द्वारा ऐसी घटना हो, और उसके 12 घंटे बीतने के बाद भी दोनों राज्य सरकारें त्य न कर पाएं कि यह घटना किस राज्य में हुई है, ऐसी स्थिति में केन्द्र सरकार के गृह मंत्री महोद्य से मैं प्रार्थना करना चाहता हूं कि मैंने भी आपको बार-बार पत्र लिखे हैं, इसको संज्ञान में लाना चाहिए और मुख्य मंत्रियो से इस बात की तल्ब करनी चाहिए।